सं.ए. 20011/30/2018-हिंदी Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No 9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:- 09 सितम्बर, 2025

सेवा में,

सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक।

**विषय: हिंदी पखवाड़ा-2025 के आयोजन के संबंध में ।**

उपर्युक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सितंबर 2025 के माह में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है ।

2. इस संदर्भ में सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों को पुन: सूचित किया जाता है कि सभी केन्द्रों पर दिनांक 15 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाना अनिवार्य है ।

3. इस वर्ष चंडीगढ़, कोलकाता, बेंगुलुरु एवं गांधीनगर के अंतर राज्य पुलिस केंद्र को रु. 5000/- प्रति केंद्र एवं अन्य शेष 27 अंतर राज्य पुलिस केन्द्रों को रु. 3000/- प्रत्येक केंद्र के अनुसार राशि व्यय करने की स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गयी है । उपर्युक्त राशि का भुगतान bill based होगा । **प्रत्येक केंद्र इस राशि को हिंदी पखवाड़े के दौरान खर्च करना सुनिश्चित करें एवं सभी बिलों को 15 अक्टूबर 2025 तक निदेशालय को प्रेषित करें जिससे बिलों का निपटारा किया जा सके ।**

4. साथ ही निदेशक महोदय के निर्देशानुसार सभी केन्द्र अपने केन्द्रों में हिंदी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं बनाए गए बैनर आदि की फोटो निदेशालय के हिंदी अनुभाग को दैनिक आधार पर भेजें ताकि इन गतिविधियों को विभाग की सरकारी वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके।

5. उपरोक्त के संबंध में सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के केन्द्र प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने केन्द्र में हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से संबंधित रिपोर्ट फोटो सहित हिंदी अनुभाग में दिनांक 15 अक्टूबर 2025 तक अग्रेषित कर दें।

अभिषेक यादव
09/09/2025
(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
ई-मेल: abhishek.yadav.87@dcpw.gov.in

**प्रतिलिपि.**

1. लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे. : कृपया सूचनार्थ।
2. सहायक निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी – कृपया विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।